राष्ट्रीय शैक्षिक योजना एवं प्रशासन संस्थान (नीपा)

(मानित विश्वविद्यालय)

17-बी श्री अरविंद मार्ग, नई दिल्ली -110016

वेब: www.niepa.ac.in

प्रवेश सूचना 2022-23

(i) एकीकृत एम.फिल.- पीएच.डी. कार्यक्रम

(ii) पीएच.डी. (पूर्णकालिक) कार्यक्रम

(iii) पीएच.डी. (अंशकालिक) कार्यक्रम

राष्ट्रीय शैक्षिक योजना एवं प्रशासन संस्थान (नीपा) मानव संसाधन विकास मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा पूर्णतया वित्त पोषित एक मानित विश्वविद्यालय है जो शैक्षिक नीति, योजना और प्रशासन में क्षमता निर्माण और अनुसंधान में कार्यरत है।

नीपा एक व्यापक अंतर-अनुशासनात्मक सामाजिक विज्ञान के परिप्रेक्ष्य से शैक्षिक नीति, योजना और प्रशासन में एकीकृत एम.फिल - पीएच.डी, पीएच.डी (पूर्णकालिक) और पीएच.डी (अंशकालिक) कार्यक्रम प्रदान करता है। नीपा का अनुसंधान कार्यक्रम राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय विकास दोनों दृष्टिकोणों से सभी स्तरों और प्रकार की शिक्षा को शामिल करता है। नीपा वर्ष 2022-23 के लिए अपने एकीकृत एम.फिल.-पीएच.डी, पीएच.डी (पूर्णकालिक) और पीएच.डी (अंशकालिक) कार्यक्रमों में प्रवेश के लिए पात्र अभ्यर्थियों से आवेदन आमंत्रित करता है।

अध्येतावृति

एकीकृत एम.फिल.-पीएच.डी और पीएच.डी (पूर्णकालिक) कार्यक्रमों में प्रवेश के लिए चुने गए सभी अभ्यर्थियों को **नीपा अध्येता**वृति की पेशकश करता है ।राष्ट्रीय पात्र परीक्षा (नेट) अर्हता प्राप्त अभ्यर्थियों, जिन्हें विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) द्वारा कनिष्ठ अनुसंधान अध्येतावृति से सम्मानित किया गया है और जो अपेक्षित अर्हताएं पूरी करते हैं, उन्हें यूजीसी अध्येतावृति के लिए आवेदन करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है। हालांकि, अंशकालिक पीएच.डी. अभ्यर्थियों को कोई अध्येतावृति नहीं दी जाती है।

पात्रता मापदंड

(i) एकीकृत एम.फिल .- पीएच.डी. कार्यक्रम

(अ) एकीकृत एम.फिल / पीएच.डी या पीएच.डी.कार्यक्रम में प्रवेश के लिए किसी अभ्यर्थी के न्यूनतम 55% अंक होंगे | (अनुसूचित जाति / अनुसूचित जनजाति / अन्य पिछड़ा वर्ग (गैर नवोन्नत वर्ग) / दिव्यांग श्रेणी वाले अभ्यर्थियों के लिए संस्थान द्वारा आयोजित प्रवेश परीक्षा में 50% अंक की अनुमति दी जाएगी) या इसके समकक्ष ग्रेड में मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से सामाजिक विज्ञान और संबद्ध विषयों में मास्टर डिग्री । अन्य क्षेत्रों में मास्टर डिग्री रखने वाले अभ्यर्थियों पर भी विचार किया जा सकता है, यदि उनके पास शिक्षण अनुभव या शैक्षिक नीति, योजना और प्रशासन के क्षेत्र में काम करने का अनुभव है।

(ब) शैक्षिक नीति, योजना और प्रशासन के व्यापक ढांचे के भीतर एक समकालीन मुद्दे के प्रस्तावित अनुसंधान विषय पर संक्षिप्त लेखन (निर्धारित प्रारूप में) की तीन प्रतियां

(ii) पीएच.डी. (पूर्णकालिक) कार्यक्रम

पीएच.डी (पूर्णकालिक) कार्यक्रम में प्रवेश पाने के इच्छुक अभ्यर्थी को पैरा (अ) और (ब) में उल्लिखित पात्रता मानदंडों को पूरा करना चाहिए।

(स)किसी अभ्यर्थी के पास शैक्षिक योजना और प्रशासन के निकट संबंधित क्षेत्र में एम.फिल डिग्री और / या असाधारण उच्च गुणवत्ता के प्रकाशन के साथ उत्कृष्ट अकादमिक रिकॉर्ड होने चाहिए ।

(द) प्रवेश समिति द्वारा यथोचित जांच के बाद एम.फिल स्नातक पीएच.डी कार्यक्रम में प्रवेश के लिए पात्र होंगे, यदि वे दस बिंदुओं के पैमाने पर 5 या उससे अधिक का एफजीपीए प्राप्त करते हैं।

(iii) अंशकालिक कार्यक्रम

अंशकालिक पीएच.डी. कार्यक्रम में प्रवेश के लिए किसी अभ्यर्थी को निम्नलिखित मानदंडों को पूरा करना अपेक्षित है: (i) उपर्युक्त पैरा 3.1 (अ और ब) में वर्णित पात्रता मानदंडों को पूरा करना चाहिए; (ii) वर्तमान में, पूर्णकालिक रोजगार में होना चाहिए; (iii) शैक्षिक नीति, योजना और प्रशासन में शिक्षण / अनुसंधान में न्यूनतम पांच साल के कार्य अनुभव के साथ वरिष्ठ स्तर का शैक्षिक पदाधिकारी होना चाहिए।

नोट: सभी अंशकालिक और पूर्णकालिक अध्येताओं को एक वर्षीय पूर्णकालिक पाठ्यक्रम कार्य में भाग लेना अनिवार्य होगा।

चयन का तरीका

उपर्युक्त पात्रता मानदंड के आधार पर आवेदनों की प्रारंभिक लघु सूची बनाई जाएगी। लघु-सूचीबद्ध अभ्यर्थियों को लिखित परीक्षा के लिए उपस्थित होना आवश्यक होगा और लिखित परीक्षा में उत्तीर्ण होने वाले अभ्यर्थियों को योग्यता के क्रम में चयनित अभ्यर्थियों की अंतिम सूची के लिए उनकी क्षमता का आकलन करने के लिए व्यक्तिगत साक्षात्कार के अधीन विचार किया जाएगा।

नीपा, भारत सरकार की आरक्षण नीति में सभी अनिवार्य प्रावधानों का पालन करेगा। एकीकृत एम.फिल.-पीएचडी, पीएच.डी (पूर्णकालिक) और पीएच.डी (अंशकालिक) कार्यक्रमों के लिए प्रवेश विशुद्ध रूप से संस्थान के निर्धारित मानदंडों का पालन करते हुए योग्यता के आधार पर किया जाएगा।

संस्थान के पास वर्ष 2022-23 में भरे जाने वाले स्थानों की संख्या, आवेदनों की छानबीन के लिए मानदंड तय करने; और इसके एम.फिल और पीएच.डी कार्यक्रमों में प्रवेश के लिए अभ्यर्थियों की चयन प्रक्रिया का अधिकार सुरक्षित है।

पात्र अभ्यर्थियों को 18 जून 2022 को लिखित परीक्षा के समय अंकों का विवरण प्रस्तुत करना होगा।

आवेदन कैसे करें

अभ्यर्थियों को संस्थान के एम.फिल और पीएच.डी कार्यक्रमों में प्रवेश के लिए निर्धारित गूगलफॉर्म में ऑनलाइन आवेदन करना चाहिए। भरे गए गूगल फॉर्म के एक प्रिंट को अपेक्षित दस्तावेज(विवरणिका में दी गई सूची के अनुसार) और शैक्षिक नीति, योजना और प्रशासन की व्यापक रूपरेखा के भीतर किसी समसामयिक मुद्दे के प्रस्तावित शोध विषय पर संक्षिप्त लेखन (निर्धारित प्रारूप में) की तीन प्रतियों के साथ भेजा जाना चाहिए । अधिक जानकारी के लिए, संस्थान के 2022-23 एम.फिल-पीएच.डी विवरणिका को देखें।

रु:400 / - (अनुसूचित जाति / अनुसूचित जनजाति और आर्थिक पिछड़ा वर्ग अभ्यर्थियों के लिए रु:200 / -) की अप्रतिदेय राशि ऑनलाइन भुगतान के माध्यम से आवेदन शुल्क के रूप में उपर्युक्त कार्यक्रम में प्रवेश पाने के लिए अनिवार्य है। यदि गूगलफ़ॉर्म भरने के बाद आवश्यकता हो तो विवरणिका की हार्ड कॉपी नीपा से प्राप्त की जा सकती है।

गूगलफॉर्म का लिंक नीपा वेबसाइट पर उपलब्ध होगा।

आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि

आवेदन **16 मई, 2022** को या उससे पहले कुलसचिव, नीपा , 17-बी, श्री अरविंद मार्ग, नई दिल्ली -110016 के पते पर पहुंचना चाहिए। अधिक जानकारी के लिए, हमारी वेबसाइट **www.niepa.ac.in** देखें।

प्रवेश से संबंधित किसी भी प्रश्न के लिए कृपया admissions@niepa.ac.inपर ईमेल भेजें

कुलसचिव